



एक नजर में



### स्कूल में विद्यार्थी केबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह

**आष्टा.** नगर के अलीपुर क्षेत्र में स्थित मार्टिनेट कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल में विगत दिनों सीनियर एवं जूनियर विद्यार्थी केबिनेट का गठन किया गया था. जिनका पदारोहण एवं शपथ ग्रहण समारोह विद्यालय प्रांगण में एसडीओपी आकाश अमलकर एवं विद्यालय के डायरेक्टर नोशे खान के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ. समारोह में संगीत के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की. इसके बाद चुने गए सीनियर हेड बॉय रणवीर ठाकुर एवं सीनियर हेड गर्ल नियति तिवारी तथा जूनियर हेड बॉय मुकुल बागवान एवं जूनियर हेड गर्ल दीक्षा बामनिया के नेतृत्व में उनकी टीम चुनी गई. केबिनेट टीम के सदस्यों का अतिथियों ने उनके पद का बेज लगाकर पदभार ग्रहण करवाया साथ ही कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई गई.



### किसान मजदूर संघ की हुई बैठक

**सीहोर.** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की बैठक संपन्न हुई. जिसमें किसान हितैषी अनेक समस्याओं पर चर्चा की गई. बैठक में पिछले साल का सोयाबीन बीमा एवं अभ्यास वर्ग, बिजली समस्या, मूंग खरीदी, यूरिया डीएपी एवं की समस्या आदि पर चर्चा की गई. इस दौरान प्रदेश मंत्री बाबूलाल पाटीदार, विक्रम सिंह पटेल, कचरू परमार, धर्मसिंह भेसानिया, देवकरण परमार, राजमल परमार, कन्हैयालाल, मांगीलाल, नारायण सिंह ठाकुर, अरविंद ठाकुर, बाबूलाल पटेल, शिवनारायण वर्मा, कैलाश वर्मा, शैलेन्द्र सिंह, पुरुषोतम आदि उपस्थित थे.



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण

**सीहोर.** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला अभियोजन संचालनालय में पौधारोपण किया गया. जिला अभियोजन संचालनालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पौधों के संरक्षण की शपथ ली गई. इस दौरान प्रभारी सहायक निदेशक अमिता विश्वेन्द्रनाथ बरतरिया एवं सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रेखा यादव, आजम मोहम्मद, रानी जैन, सुश्री बीपूजा राव, अरविन्द सिंह यादव, हिमांशु सरार्फ एवं समस्त कार्यालयीन कर्मचारीगण द्वारा पौधारोपण अभियान में हिस्सा लेकर एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाया गया.




### अज्ञात बदमाशों ने विद्यालय में मचाया उत्पात

**बमूलिया.** समीपस्थ ग्राम बमूलिया में ग्राम के एक निजी विद्यालय में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है. मामले में प्राचार्य द्वारा जांच के लिए कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई है. जानकारी के अनुसा ग्राम बमूलिया में स्वराज पब्लिक स्कूल में गत दिवस अज्ञात बदमाशों ने क्लास रूम में लगी एलईडी टीवी को चोरी करने की मंशा से निकालने की कोशिश की लेकिन जब टीवी नहीं निकल पाई तो उसे खिड़की के जंगले से डंडे द्वारा फोड़ दिया गया. स्कूल एलईडी टीवी कम्प्यूटर कोर्स सिखाने के लिए लगवाई थी. प्राचार्य सीमा शर्मा ने बताया कि गत दिवस जब वह स्कूल बंद कर चले गए थे. तो उसी रात में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तार फेंसिंग तोड़कर स्कूल प्रांगण में प्रवेश किया और क्लास रूम में लगी टीवी को फोड़ दिया. उन्होंने सुबह स्कूल खोलने के बाद देखा तो वह हैरान रह गए और इसकी शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई.



### लायंस क्लब के नेत्र शिविर में 95 मरीजों की हुई जांच

**सीहोर.** लायंस क्लब सिद्धपुर एवं सेवा सदन बैरागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर बुधवार को नेत्र जांच केंद्र इंग्लिशपुरा में आयोजित किया गया. नेत्र जांच शिविर में 95 नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच की गई. जिनमें से 47 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया. इन मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन सेवा सदन अस्पताल में किया जाएगा. शिविर का संचालन ऑप्टोमेट्रिस्ट जितेंद्र पाठक एवं सहायक स्टाफ भावना परमार द्वारा किया गया. दोनों ने सभी लाभार्थियों की जांच, स्क्रीनिंग की. इस दौरान लायंस क्लब से अजय राय, डॉ. अभिषेक शर्मा, विनीत दुबे, संजय जोशी, जयेंद्र सिंह सेंगर, कपिल जैन, निखिल राणपुरिया, परमजीत सिंह अरोरा व जयंत दसवानी मौजूद थे.

# सिद्धपुर की धरा पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## बुधवार को सीवन नदी से कुबेरेश्वर धाम तक निकाली गई विशाल कांवड़यात्रा में देश भर से आए लाखों कांवड़िए हुए शामिल

- कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से बरसाए गए फूल
- रात तक नहीं हो सका हाईवे पर यातायात बहाल





**सीहोर.** बुधवार को जिला मुख्यालय से कुबेरेश्वर धाम तक निकाली गई कांवड़ यात्रा में लाखों कांवड़ियों ने शामिल होकर भगवान को जल अर्पित किया. कांवड़ यात्रा में विधायक सुदेश राय ने भी कांवड़ को कंधे पर रखकर यात्रा की.

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर. देश की सबसे भव्य और विशाल कावड़ यात्रा का साक्षी सिद्धपुर सीहोर शहर बना. शहर की पहचान बनी सीवन नदी से कुबेरेश्वर धाम तक निकाली गई विशाल कावड़ यात्रा में देश भर से आए लाखों कावड़िए शामिल हुए. इन पर हैलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई. कावड़ यात्रा समाप्त होने के बाद वापस लौट रहे कावड़ियों के वाहनों के कारण स्टेट हाईवे पर जाम के हालात देर शाम तक बने रहे. वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ रहे थे.**

बुधवार को सिद्धपुर की धरा ने इतिहास रच दिया. अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा निकाली गई कावड़ यात्रा में लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने से संपूर्ण शहर भगवामय नजर आ रहा था. कावड़ यात्रा में शामिल होने के लिए कई दिन से लोगों के आने का सिलसिला बना हुआ था. मंगलवार को शहर में लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालु आ चुके थे. सीवन नदी पर नगरपालिका द्वारा कावड़ियों के लिए सराहनीय व्यवस्थाएं की गई थीं. पुल पर ही कई नल लगाए गए थे जिससे जल भरकर कावड़िए रात में ही कुबेरेश्वर धाम के लिए रवाना हो रहे थे. बीती रात से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ना शुरू हो गई थी. सुबह तक लाखों लोगों का समूह शहर की विभिन्न सड़कों पर मौजूद था. सबके कदम सीवन नदी की ओर बढ़ रहे थे. मंगलवार से कावड़ियों का जल भरकर कुबेरेश्वर धाम जाने का सिलसिला लगातार बना रहने के बाद भी बुधवार की सुबह नदी चौराहे पर पैर रखने की जगह नहीं बची थी.

प्रशासन द्वारा भारी भीड़ को देखते हुए एक दिन पूर्व से ही स्टेट हाईवे से यातायात परिवर्तित कर दिया था. इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर उनके ठहरने की व्यवस्थाओं को बनाया गया था. इसी तरह विठलेश सेवा समिति के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी श्रद्धालुओं के ठहरने व भोजन की व्यवस्था की गई थी. गुरुद्वारा और मंदिरों में भी श्रद्धालुओं को ठहराते हुए भोजन व्यवस्था की गई थी.

बुधवार को पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा सीवन नदी से जल भरकर कावड़ यात्रा प्रारंभ की. इस अवसर पर विधायक सुदेश राय, समाजसेवी अखिलेश राय, नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जसपाल सिंह अरोरा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने कावड़ को कंधे पर धारण कर धर्मलाभ कमाया. इस बार कावड़ यात्रा के आकर्षण का मुख्य केन्द्र अन्य राज्यों से आए डीजे रहे. सीहोर का बाबा डीजे, झारखंड के सार्जन डीजे, यूपी के रावण डीजे और एमजे साउंड (मेरठ), दिल्ली का कसाना डीजे, छत्तीसगढ़ का पावर जोन, महाराष्ट्र के प्रशांत डीजे, गुजरात का त्रिनेत्र डीजे, इंदौर का श्याम बैंड और भिलाई का धुमाल ने कावड़ यात्रा में शामिल होकर युवाओं को जमकर थिरकने का मौका दिया. कावड़ यात्रा में अनेक झांकियां भी शामिल थीं जो श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केन्द्र बनी रहीं. 10 किलोमीटर की कावड़यात्रा लगभग घंटे में पूर्ण हुई.

#### देर रात तक लगता रहा सड़कों पर जाम

कावड़ यात्रा समाप्त होने के बाद श्रद्धालुओं का लौटना शुरू हो गया था. ऐसे में हाईवे पर जाम के हालात बने रहे. वाहनों की लंबी कतारें शाम तक रेंगती रहीं. इंदौर- भोपाल हाईवे पर अमलाहा, कोठरी तो सीहोर की तरह सोया चौपाल तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं. इसके अलावा भोपाल की ओर जा रहे वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियों को ठूंसकर वाहन जाते देखे गए. इसी तरह स्थानीय रेलवे स्टेशन पर भी लौटने वाले श्रद्धालुओं की अपार भीड़ बनी रही.

#### मानव अधिकार आयोग ने लिया मौतों पर संज्ञान


धार्मिक आयोजन के दौरान अनेक अव्यवस्थाएं भी देखने को मिलीं. मंगलवार को कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष वितरण रोक दिए जाने के कारण अफरा- तफरी और भगदड़ का माहौल निर्मित हो गया था. इस दौरान दो महिलाओं की मौत हो गई थी तो कुछ लोग घायल हो गए थे. इसी तरह बुधवार को भी कावड़ यात्रा में शामिल होने आए तीन लोगों की मौत हो गई. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों में गुजरात के पंचावल निवासी 50 वर्षीय चतुरभाई आ. भूराभाई तथा हरियाणा के रोहतक निवासी 65 वर्षीय ईश्वर सिंह यादव पिता मवासीराम के अलावा रायपुर छत्तीसगढ़ निवासी 57 वर्षीय दिलीप सिंह शामिल हैं. जानकारी के अनुसार मृतक चतुरभाई का बुधवार को दोपहर अस्पताल के पीछे स्थित एक होटल के पास अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया था. वहीं मृतक ईश्वर सिंह यादव का भी लगभग शाम 4 बजे कुबेरेश्वर धाम में अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया था. दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया था. जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था. इसी तरह शाम को धाम से जिला अस्पताल लेकर आए दिलीप सिंह को भी मृत घोषित किया गया है.

## छापामार कार्रवाई में 11 आरोपी धराए

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी/आष्टा.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही हैं. आबकारी विभाग द्वारा बुधनी एवं आष्टा क्षेत्र से अलग-अलग मामलों में 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की.

जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग द्वारा बुधनी क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्यवाही में 61 लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई. जिसकी अनुमानित कीमत 15 हजार रुपए बताई जाती है. इसके साथ ही 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. यह कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीता नायक व टीम द्वारा की गई.



इसी प्रकार सहायक जिला आबकारी अधिकारी वर्षा उईके आष्टा एवं आबकारी टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों दबिश देकर 7 लीटर देशी एवं विदेशी मदिरा जब्त की गई. जिसकी अनुमानित कीमत 2560 रुपए है. इसके साथ ही 3 प्रकरण दर्ज कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कार्यवाही की जा रही है.

## कॉलेज छात्राओं ने दिखाया संकल्प का साहस

- रासेयो ने किया जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन
- छात्राओं ने रैली निकालकर बताए नशे के दुष्परिणाम

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशे से है दूरी, है जरूरी विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम समाज में व्याप्त नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ एक सामूहिक संकल्प का प्रतीक बना.

कार्यक्रम में राजनीति विभाग के सहायक प्राध्यापक रामविकास प्रजापति और हिन्दी विभाग के डॉ. कैलाश विश्वकर्मा ने छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया. इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के निर्देशन में छात्राओं ने सड़क पर जागरुकता रैली निकाली गई. उन्होंने वाहन चालकों से सीधे संवाद करते हुए नशे से दूर रहने और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया. छात्राओं के साहसिक कदम की सराहना करते हुए कई वाहन चालकों ने उनका धन्यवाद व्यक्त किया और उनके संदेश को आत्मसात करने का वादा किया. डॉ. अग्निहोत्री ने छात्राओं एवं स्टाफ को नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई.




## दो तीर्थ यात्राओं के लिए होंगे आवेदन

**सीहोर.** शासन के धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग द्वारा मुख्यमन्त्री तीर्थदर्शन योजना अतर्गत जिले से दो यात्राओं का आयोजत किया जाना है. जिसमें वाराणसी-आयोध्या यात्रा 13 अगस्त से 18 अगस्त तक एवं तिरूपति यात्रा 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक आयोजन किया गया है. दी गई जानकारी के अनुसार तीर्थ यात्रियों की उम्र पुरूष की 60 वर्ष एवं महिला की 58 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए एव उन्हें सहायक की पात्रता होगी. यदि जिले में आवंटित निर्धारित कोटा से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो ऐसी स्थिति में तीर्थयात्रियों का चयन कम्प्यूटराईज्ड लॉटरी सिस्टम से किया जाएगा.

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रेरित कला व प्रदर्शनी

- 15 अगस्त तक तीन चरणों में जारी रहेगा अभियान
- 13 को बनेगी मानव श्रृंखला व 14 को घरों पर लगेंगे तिरंगे

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** 15 अगस्त तक तीन चरणों में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है.

बुधवार को जिले में तिरंगा प्रेरित कला एवं तिरंगा प्रदर्शनी सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गई. इसी प्रकार 7 अगस्त को ग्राम पंचायत एवं संस्था स्तर पर तिरंगा रंगोल, तिरंगा राखी निर्माण तिरंगा बुनाई आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. 8 अगस्त को तिरंगा प्रश्नोत्तरी, तिरंगा सजावट, सैन्यबलों के जवान एवं पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि आयोजित किए जाएंगे. 11 अगस्त को तिरंगा फहराना, तिरंगा मेला, तिरंगा कंसर्ट, 12 अगस्त को तिरंगा रैली, तिरंगा यात्रा, 13 अगस्त को मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान और 14 अगस्त को घर, संस्था, कार्यालय पर ध्वज फहराना एवं सेल्फी अपलोड करना आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी.



अभियान में स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के तहत गांवों में अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी. इस दौरान सुजल गांव प्रतिज्ञाएं, सामुदायिक सफाई अभियान वॉश परिसंपत्तियों की सफाई, जागरुकता गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित होंगी. 15 अगस्त को अमृत सरोवर सार्वजनिक स्थानों सहित प्रमुख वॉश अवसंरचना स्थलों पर ध्वजारोहण समारोह होगा.

## कथा में आज श्रीकृष्ण-रुकमणी का विवाह

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** शहर के गीता मानस में जारी सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के पांचवे दिवस कथावाचक पं. चेतन उपाध्याय ने गोवर्धन लीला के साथ श्रीकृष्ण की लीलाओं का प्रसंग सुनाया.

पंडित श्री उपाध्याय ने कहा भगवान ने अपनी लीलाओं से जहां कंस द्वारा भेजे गए विभिन्न राक्षसों का संहार किया. वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया. कथा के दौरान भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई. उन्होंने कहा कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था. तब उनका घमंड तोड़ने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी. इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कराई. प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया. सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ. कथा के दौरान गोवर्धन पूजन का उत्सव मनाया गया. उन्होंने गौ माता के महत्व पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि पहले गौ माता की पूजा होती थी, लेकिन आज उनकी उपेक्षा हो रही है. गाय की दयनीय स्थिति के लिए हम सब जिम्मेदार हैं. गाय तभी हमारा पोषण कर सकती है. जब हम उसका शोषण बंद करें. गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण और रुकमणी विवाह का वर्णन होगा.

## संस्कृत सप्ताह शुरू होंगे अनेक आयोजन

**सीहोर.** संस्कृत भारती द्वारा 6 से 12 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है. जिसका शुभारंभ छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर किया गया. श्रावण पूर्णिमा के तीन दिवस पूर्व एवं तीन दिवस बाद तक यह सप्ताह मनाया जाएगा.जिला अध्यक्ष पं. पृथ्वीवल्लभ दुबे ने सभी कार्यकर्ताओं एवं संस्कृत अनुरागियों से इस सप्ताह में उत्साहपूर्वक सहभागिता का आह्वान किया. वहीं जिला सहमंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह यादव ने सप्ताह भर चलने वाली विविध गतिविधियों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि श्रावण पूर्णिमा को संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाएगा.

**आरोप** ग्राम पंचायत मगरदा के ग्रामीणों ने कलेक्टर से की निष्पक्ष जांच करने की मांग

## लाखों रुपए का भ्रष्टाचार कर कागजों पर बना दी सड़क और पुलिया

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत मगरदा में लाखों रुपए के भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है. पंचायत अधिनियमों का उल्लंघन करते हुए सड़कें, पुलिया और शौचालय सहित अन्य स्वीकृत निर्माण कार्य कागजों पर ही पूर्ण कर दिए गए हैं. इसी तरह फर्जी बिलों के माध्यम से लाखों रुपए की सरकारी राशि निकाल ली गई है.

दिलचस्प बात यह है कि पंचायत मगरदा में बीस साल से एक ही परिवार के मां-बाप बहु-बेटे सरपंच बन रहे हैं और सचिव की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं. यही कारण है कि इन्होंने पात्र ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं देकर खुद ही पीएम आवास आपस में बांट लिए हैं. ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं.

ग्राम पंचायत में हुए भारी भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कराने और हड़पी गई लाखों रुपए की सरकारी राशि सरपंच सचिव से वसूलने सहित ग्रामवासियों को परेशानियों से मुक्ति दिलाकर समुचित सड़क पानी बिजली शौचालय पक्का मकान और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों के द्वारा कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में कलेक्टर और जनपद पंचायत सीईओ को भी शिकायत दर्ज कराई गई है.

शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल एवं हाई सेकेण्डरी स्कूल की दो बाउंड्री बाल के लिए शासन द्वारा 10 लाख एवं 12 लाख रुपए की राशि भेजी आई थी, लेकिन सरपंच द्वारा आज तक स्कूल की बाउंड्री बाल का निर्माण नहीं किया है और आधी राशि खाते से निकाल ली है. गड़ाघाट पुलिया निर्माण के लिए शासन द्वारा लाखों रूपये की राशि स्वीकृत की गई थी सरपंच, सचिव ने अधिकारियों की मिलिभगत कर पुलिया का घटिया निर्माण कराया और पुलिया एक ही बरसात में टूटकर बह गई. गांव में गलियों के अंदर सीसी कार्य के लिये शासन द्वारा स्वीकृत राशि से गांव का नही सरपंच सचिव के परिजनों का विकास कर दिया गया है. ग्रामीणों ने कलेक्टर से इन गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है.

